प्रसार भारती
आकाशवाणी शिमला
26.07.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

" मुख्य समाचार"

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर में चलाए जा रहे कैच द रेन अभियान में बढ़ती जनभागीदारी पर जताई प्रसन्नता।
- मुख्यमंत्री का प्राथमिक शिक्षकों को आश्वासन—नई कॉम्पलैक्स प्रणाली पर जल्द लिया जाएगा उचित निर्णय।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर का आरोप—भर्ती अनियमितताओं, पेपर लीक और भ्रष्टाचार पर कांग्रेस सरकार हुई बेनकाब।
- कारगिल विजय दिवस के मौके पर प्रदेश भर में शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि।
- चम्बा का 8 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला शुरू।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश भर में चलाए जा रहे कैच द रेन अभियान में बढ़ती जन भागीदारी पर प्रसन्नता जताई है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि ये विशेष राष्ट्रव्यापी अभियान 4 जुलाई से चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कारगिल विजय दिवस पर वीर सैनिकों को भी याद किया। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता....

*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कैच द रेन अभियान के उत्साहवर्धक परिणाम सामने आए हैं। इसके तहत पुराने तालाबों से गाद हटाने सहित कुंओं और बावड़ियों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है।*

*प्रधानमंत्री ने आगामी त्यौहारों में लोगों से खादी से बना कम से कम एक उत्पाद खरीदने की अपील दोहराई।*

*हर घर तिरंगा अभियान का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस अभियान ने पूरे देश को एकजुट किया है।*

*करगिल विजय दिवस पर उन्होंने शहीदों को भी नमन किया।*

*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्लास्टिक प्रदूषण पर चिंता जताई और कहा कि एकल उपयोग वाले प्लास्टिक का कचरा प्रकृति के लिए नुकसानदेह बना हुआ है।*

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्राथमिक शिक्षकों को शिक्षक दिवस से पहले नई कॉम्पलैक्स प्रणाली पर उचित निर्णय लेने का आश्वासन दिया है। शिमला में आज प्राथमिक शिक्षक संघ की आम सभा में उन्होंने कहा कि सरकार इस व्यवस्था की समीक्षा कर ये तय करेगी कि इसमें सुधार की आवश्यकता है या इसे पूरी तरह वापिस लिया जाए। मुख्यमंत्री ने ये भी ऐलान किया कि प्राथमिक शिक्षकों के विरूद्ध की गई निलंबन की कार्रवाईयों, विभागीय जांचों और दर्ज एफ.आई.आर. को वापिस लिया जाएगा।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में भर्ती अनियमितताओं, पेपर लीक और भ्रष्टाचार पर राज्य सरकार पूरी तरह बेनकाब हुई है। उन्होंने कहा कि अनियमितताओं और पेपर लीक जैसे गम्भीर मामलों पर कांग्रेस सरकार की भूमिका पूरी तरह संदेह के घेरे में है। शिमला के जाखू में आज मन की बात कार्यक्रम सुनने और 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान में भाग लेने के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इन मामलों में कार्रवाई करने की बजाए दोषियों को संरक्षण दे रही है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश का युवा पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया चाहता है लेकिन सरकार इस दिशा में विफल साबित हुई है।

विजय दिवस

कारगिल विजय दिवस के मौके पर आज प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने चम्बा में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मण्डी जिले के टिहरा में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में स्वास्थ्य व सैनिक कल्याण मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा कि सरकार वीर जवानों, उनके आश्रितों और भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा रोजगार में पूर्व सैनिकों के लिए 15 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। इधर शिमला स्थित सेना प्रशिक्षण कमान मुख्यालय में भी वीर जवानों के शौर्य को नमन किया गया। हमीरपुर में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि शहीद सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान की गाथाओं को हमेशा याद रखा जाएगा। एक बयान में सांसद अनुराग ठाकुर ने कारगिल में भारतीय सेना की विजय को देश की विरासत करार दिया। सांसद सुरेश कश्यप ने कारगिल विजय दिवस के मौके पर नाहन में शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि ऊना जिला के हरोली क्षेत्र को दिसम्बर 2027 तक शत प्रतिशत पेयजल व सिंचाई सुविधा सम्पन्न बनाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। गोंदपुर बुल्ला में आज जनसुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्येक गांव और प्रत्येक व्यक्ति तक योजनाओं का समान लाभ पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। अग्निहोत्री ने भरोसा दिलाया कि जनहित से जुड़े प्रत्येक मामले का पूरी संवेदनशीलता के साथ समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

मिंजर मेला

चम्बा का अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला आज से शुरू हो गया है। राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने इस 8 दिवसीय मेले का शुभारम्भ करते हुए कहा कि ये उत्सव प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, साम्प्रदायिक सौहार्द और जीवंत लोक परम्पराओं का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहने और भारत की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करने का आहवान किया। नशे की बढ़ती समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए राज्यपाल ने समाज से नशे के खिलाफ जनजागरूकता अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आहवान किया।

हॉकी स्टेडियम

लाहौल–स्पीति के काज़ा में प्रस्तावित हाई एल्टीट्यूड आइस हॉकी स्टेडियम को विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हुई है। आइस हॉकी एसोसिएशन ऑफ लाहौल एंड स्पीति ने परियोजना को लेकर सरकार को कई महत्वपूर्ण सुझाव सौंपे हैं। अधिक ब्यौरे के साथ ये रिपार्ट.....

सम्मान

आकाशवाणी हमीरपुर के नैमितिक वरिष्ठ उदघोषक संजय शर्मा को पहाड़ी भाषा विकास संगम संस्था पालमपुर ने शिखर सम्मान 2026 से सम्मानित किया है। उन्हें ये सम्मान पहाड़ी बोली व लोक संस्कृति के प्रचार–प्रसार व उत्थान में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया है। संजय शर्मा ने इस उपलब्धि का श्रेय आकाशवाणी को दिया है।

धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि सरकार खेल संस्कृति व खेल अधोसंरचना को बढ़ावा दे रही है। घुमारवीं में आज कबड्डी ओपन टूर्नामेंट के शुभारम्भ पर उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से बच्चों और युवाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। धर्माणी ने बताया कि खेल अधोसंरचना को मजबूत बनाने के लिए घुमारवीं में करीब 25 करोड़ रूपए की लागत से इंडोर स्टेडियम बनाया जा रहा है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में मॉनसून की वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। राजधानी शिमला सहित अन्य स्थानों पर शाम के समय मूसलाधार वर्षा हुई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान बिलासपुर, मण्डी, सोलन और सिरमौर जिलों में वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर में चलाए जा रहे कैच द रेन अभियान में बढ़ती जनभागीदारी पर जताई प्रसन्नता।
- मुख्यमंत्री का प्राथमिक शिक्षकों को आश्वासन–नई कॉम्पलैक्स प्रणाली पर जल्द लिया जाएगा उचित निर्णय।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर का आरोप–भर्ती अनियमितताओं, पेपर लीक और भ्रष्टाचार पर कांग्रेस सरकार हुई बेनकाब।
- कारगिल विजय दिवस के मौके पर प्रदेश भर में शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि।
- चम्बा का 8 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला शुरू।